# श्रवण शक्ति चैकलिस्ट

नवजात शिशु की जांच
आपके बच्चे का नि:शुल्क स्वास्थ्य निरीक्षण

## क्या आपका बच्चा सुन सकता है?

### 6 सप्ताह में, जब कोई अचानक बड़ा अधिक शोर होता है,तो क्या वे ऐसा करते हैं:

- कूदते या आंखें झपकाते हैं?
- सोते हुए भी हिल जाते हैं?
- एक क्षण हेतु चूसना रुक जाते हैं?
- चूसने से ऊपर देखते हैं
- रोते हैं?

### 3 माह में, क्या वे ऐसा करते हैं:

- जब कभी अचानक अधिक शोर होता है, तो वे आंखें झपकाते हैं या रोते हैं?
- जब आप बात करते हैं तो वे रोना या चूसना बन्द कर देते हैं?
- ऊँची आवाज़ों से नींद से उठ जाते हैं या हिल जाते हैं?
- जब आप बोलते हैं तो वे कू- कू करते हैं या मुस्कुराते हैं?
- आवाज़ों की ओर अपनी आंखें घुमाते हैं?
- कोई संगीतमय खिलौने को पसन्द करते प्रतीत होते हैं?
- आपकी आवाज़ को पहचानते हुये प्रतीत होते हैं?

### 5 माह में, क्या वे ऐसा करते हैं:

- जब कोई आवाज़ होती है या कोई बोलता है, तो वे उस ओर मुड़ जाते हैं?
- जब अचानक शोर होता है तो वे रोते हैं?
- संगीत पसन्द करते हैं?
- विभिन्न प्रकार की अनेक आवाज़ें निकालते हैं?
- कुछ बार उन्हीं आवाज़ों की नकल करते हैं, जो आप निकालते हैं?

### 8-10 माह में, क्या वे ऐसा करते हैं:

- अपने नाम पर अनुक्रिया प्रकट करते हैं?
- नई आवाज़ों को ढूंढने हेतु इधर-उधर देखते हैं-ऐसी आवाज़ों को भी जो बहुत धीरे से होती हैं?
- ‘नहीं’ एवं ‘अलविदा’ को समझते हैं?
- जब लोग बोलते हैं तो उन्हें सुनते हैं?
- आवाज़ों की नकल करनी पसन्द करते हैं?
- कुछ इस प्रकार से बड़बड़ाते हैं जो वास्तविक ढंग से बोलने जैसा लगता है?
- जब आप बोलते हैं तो वे भी बोलने का प्रयत्न करते हैं?

यदि आपके बच्चे की श्रवण शक्ति का ह्रास हो जाता है, तो ऐसा शीघ्रतया पता लगना उनकी भाषा, सीखने एवं सामाजिक विकास हेतु अच्छा है।

ये श्रवण शक्ति चैकलिस्ट्स, एवं 8 माह से अधिक आयु के बच्चों हेतु चैकलिस्ट्स, आपके बच्चे की वैल चाईल्ड तमारिकी ओरा हैल्थ बुक में दी गई हैं।

नवजात शिशु की श्रवण शक्ति की जांच संबंधी और अधिक जानकारी हेतु, नेशनल स्क्रीनिंग युनिट की वैबसाईट: www.nsu.govt.nz को देखें



यह स्त्रोत डाऊनलोड हेतु
www.healthed.govt.nz पर उपलब्ध है

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA

New Zealand Government